प्रेस विज्ञप्ति

# इफको-टोकिओ जनरल इंश्योरेंस ने अल्पना सिंह को पूर्ण-कालिक डायरेक्टर - मार्केटिंग नियुक्त कर लीडरशिप टीम को मजबूत किया

***यह लीडरशिप नियुक्ति इफको-टोकिओ की ग्रोथ, नवाचार और ग्राहक-केंद्रिता के प्रति लगातार फोकस को रेखांकित करता है।***

**दिल्ली/गुरुग्राम, 3 जुलाई, 2026:** भारत की अग्रणी साधारण बीमा कंपनियों में शुमार इफको-टोकिओ जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (IFFCO TOKIO GIC) ने **सुश्री अल्पना सिंह** को अपना '**पूर्णकालिक डायरेक्टर- मार्केटिंग**' नियुक्त करने की घोषणा की है।

अपनी नई भूमिका में **सुश्री सिंह** कंपनी की ग्रोथ स्ट्रैटेजी का नेतृत्व करेंगी, मार्केट में कंपनी की स्थिति को मजबूत करेंगी और ग्राहक जुड़ाव से जुड़ी पहलों को आगे बढ़ाएंगी। उम्मीद है कि उनकी नियुक्ति से ब्रांड की प्रसिद्धि और बढ़ेगी और ग्राहकों को बेहतर अनुभव मिलेगा, जिससे इफको-टोकिओ की ग्रोथ में और भी तेजी आएगी।

इफको-टोकिओ में शामिल होने से पहले **सुश्री सिंह** बजाज जनरल इंश्योरेंस (जिसे पहले बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस के नाम से जाना जाता था) में कई सीनियर लीडरशिप पदों पर कार्य कर चुकी हैं। वहां अपने कार्यकाल के दौरान बड़े पैमाने पर बिजनेस ग्रोथ की पहलों का सफलतापूर्वक नेतृत्व, रणनीतिक साझेदारियों को मजबूत, बैंकाश्योरेंस बिजनेस का विस्तार और कंपनी के ब्रांड और मार्केट में मौजूदगी को आकार देने में वे अहम भूमिका निभा चुकी हैं।

उनकी नियुक्ति की घोषणा करते हुए **इफको-टोकिओ जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड** के **मैनेजिंग डायरेक्टर एवं सीईओ श्री सुब्रता मोंडल** ने कहा, "जैसे-जैसे हम ग्रोथ के अगले चरण में प्रवेश कर रहे हैं, मार्केटिंग विभाग इफको-टोकिओ जीआईसी की मार्केट लीडरशिप को और भी मजबूत करने में अहम भूमिका निभाएगा। ग्लोबल मार्केटिंग ट्रेंड्स पर अपनी पैनी नजर रखने वाली सुश्री सिंह इस विकास यात्रा का एक अहम हिस्सा होंगी।"

सार्वजनिक उपक्रमों (PSUs) और निजी बीमा कंपनियों दोनों के साथ काम करने का बेहतरीन अनुभव रखने वालीं एक अनुभवी बोर्ड-लेवल लीडर के तौर पर वे सेल्स, समझौता-वार्ता (negotiation), बैंकाश्योरेंस, सीआरएम और मार्केटिंग में गहरी पकड़ रखती हैं।

जिम्मेदारी को स्वीकार करते हुए **सुश्री अल्पना सिंह** ने कहा, "इफको-टोकिओ में मार्केटिंग विभाग का नेतृत्व करना सम्मान और बड़ी जिम्मेदारी की बात है। यह कंपनी पूरे देश में अपनी खास मौजूदगी और न सिर्फ शहरी भारत, बल्कि खेतों में कड़ी मेहनत करने वाले किसानों को भी बीमा सुरक्षा देने के अपने मिशन के लिए जानी जाती है। मैं इस मिशन में अपना योगदान देने के लिए उत्सुक हूँ।"

बतौर **मार्केटिंग डायरेक्टर** और **होल-टाइम डायरेक्टर सुश्री अल्पना सिंह** कंपनी के **गुरुग्राम** स्थित **मुख्यालय** से काम करेंगी और उनकी नियुक्ति **1 जुलाई, 2026** से प्रभावी होगी।

## About IFFCO-TOKIO General Insurance Company Limited

IFFCO-TOKIO General Insurance Company Limited is a 51:49 joint venture between Indian Farmers Fertilizer Co-operative (IFFCO), one of the world's largest fertilizer manufacturers that is wholly owned by Indian Cooperatives, and Tokio Marine Group – one of the world's largest insurance companies based in Japan.

IFFCO-TOKIO General Insurance offers retail products like motor, health, travel, home and personal accident insurance and corporate insurance products like property, marine and liability insurance through its wide distribution network of agents, banks, brokers and its website – www.iffcotokio.co.in